शब्दार्थ :– निहारेंव = देखना। हैयरान = व्याकुल। दहरा = भंवर। लवड़ी = लाठी। दुहनी = दूध दूहने का पात्र। लटुका = लटकाकर। बही = पगली/ बावरी। थोरको = थोड़ा भी। बिरदान्त = व्याकुलता। लुकावां = छिपाना। कभू = कभी। मरजी = मन की बात (रहस्य)। सुभाव = स्वभाव।

भावार्थ :– हे! सखी, जिस दिन से मैंने उन्हें सपने में देखा है, तब से मैंने अपना पलक तक नहीं झपकाया है। दिन–रात मेरी जवानी मुझे व्याकुल कर रही है। हे! सखी, अब तुम्हीं बताओ कि मैं क्या करूँ ? क्या किसी भंवर के बीच में डूब मरूँ ? मुझे कुछ भी उपाय सूझ नहीं रहा है, गोदना के समान प्रेम रंग मे डूब गयी हूँ। जिस दिन से उसे मैंने कुंज की गली में सिर में मोर–पंख, गले में जंगली फूलों का माला, हाथ में लाठी और दूध दूहने का पात्र तथा शरीर पर पीले वस्त्रों को धारण किए हुए देखा है; हे ! सखी, उसी दिन से मैं पगली सी हो गयी हूँ, मुझमें थोड़ा भी ज्ञान/चेतना नहीं है। अर्थात् मै अपना सुध–बुध खो चुकी हूँ। थोड़ा भी अन्न मुझे अच्छा नहीं लगता है। अपनी व्यथा मैं किसको बताऊँ। हे! सखी, मैं आपसे थोड़ा भी नहीं छिपाती हूँ और न ही बढ़ा चढ़ाकर बताती हूँ। तुम तो मेरा स्वभाव जानती हो, कितना भी दुख हो, क्या मैंने किसी से कहा है?

हे! सखी, हम सब मिलकर किसी दिन गोकुल जाकर, अपने मन की बात श्री कृष्ण को बताते। अपने सुख और दुख की बातों को एक–दूसरे से कहते और शाम होते तक वापस घर आ जाते।

घर लेतेन थोरिक दूध दही । गोठियास्थौं गोई ! मन आये नहीं ?
बेंच देतेन खीर बेचातिस तो । कन्हैया ला खवातेन खातिस तो ।।
लेवना बने लाल ला देतेन वो । लाहो ल जिनगी के ले लेतेन वो ।।
करेजा में खहोर के नातेन वो । मुंह देखत में सुख पातेन वो ।।
नन्द गौटिया के बेटवा हर ओ । मोर आइस आँखिन के तर ओ ।।
तब ले चिटको नइ भूलत है । मोर आँखिच आंखी में झूलत है ।।
जब कान टैंहेर लगाथौं ओ । घुंघरु के कभू गम पाथव ओ ।।
जब झक्क ले आगू निहारथौं ओ । दही चोर ला मैं देख पारथौं ओ ।
मन ही मन में लग्थै डर ओ । हरि दइस मोला कछु कर ओ ।
मन मोर चोराय सु लेइस है। मोहनी कछु थोप धौ देइस है ।।
कोन जान्थे जो कछु जाहे होई ? ये जवनी ला कइसे निभाहौं गोई ।।

शब्दार्थ :– खवातेन = खिलाना। लेवना = मक्खन। जिनगी = जिन्दगी/जीवन। करेजा = कलेजा/हृदय। टैंहेर = ध्यान लगाकर सुनना। पाथव = पाना। झक्क = अचानक। लग्थै = लगना। देइस = देना। चोराय = चुरा लेना। थोपना = मढ़ना/ आरोपित करना।

भावार्थ :– राधा अपनी सखियों से कहती है कि थोड़ा बहुत दूध–दही पकड़ लेते। हे! सखी, मेरी बात तुम्हें ठीक लग रही है या नहीं? दूध, दही, खीर बेच देते और यदि कन्हैया खाता तो उन्हें भी खिला देते। मक्खन श्री कृष्ण को दे देते और जिंदगी का सुख ले लेते अर्थात् प्रेमरस में डूबकर जीवन का आनंद ले लेते। अपने हृदय में बसा लेते, उसके मुख को देखकर ही सुख पा लेते। नन्द का पुत्र श्री कृष्ण मेरी आँखों में इस तरह गड़ गया है कि मैं उसे भूल नहीं पा रही हूँ। आँखों–ही–आँखों में वह झूल रहा है। जब कान लगाकर सुनती हूँ, तो उनके घुंघरू की आवाज सुनाई देती है। जब अचानक आँखों के आगे उसे देख पाती हूँ, तो मुझे मन–ही–मन डर लगता है, ऐसा लगता है कि उसने मुझ पर अपनी मोहनी डाल दिया है। कौन जानता है ? आगे क्या होगा ? हे! सखी, इस युवावस्था में मैं अपनी जिंदगी कैसे व्यतीत करूँ ?

देखे बिन नन्दलाल के, अब तो नइ रहि जाय ।
जात समा डर छाँड के, धरिहौं मोहन पांय ।।
चलो आज चलबो गोई, बृन्दावन के बाट ।
दही बेचबो जाय के, मथुरा जी के घाट ।।
ललिता औ चन्द्राबली, सुन प्यारी के बात ।।
चलो चलो चलबो गोई, कहि के पकरिन हात ।।

शब्दार्थ :– बेचबो = बेचना। चलबो = जाना। पकरिन = पकड़ना। हात = हाथ। धरिहौं = पकड़ना।

भावार्थ :– कवि के अनुसार राधा कहती है कि कृष्ण को बिना देखे अब मुझसे नहीं रहा जा रहा है। जाति और समाज के डर को त्यागकर अब मैं श्री कृष्ण के पाँव को पकड़ लूँगी। हे! सखियों, आज चलो, वृन्दावन जायेंगे। मथुरा के घाट पर जाकर दही बेचेंगे। ललिता, चन्द्राबली आदि सखियाँ राधा प्यारी की बात सुनकर मथुरा जाने की बात कहते हुए सखियाँ एक–दूसरे का हाथ पकड़ने लगीं।

जेतका दूध दही अउ लेवना । जोर जोर के दूधहा जेवना ।।
मोलहा खोपला चुकिया राखिन । तउला ला जोरिन हैं सब झिन ।।
दुहना टुकना बीच मढ़ाइन । घर घर निकरिन रौताइन ।।
एक जंवरिहा रनि सबे ठिक । दौंरी में फांदे के लाइक ।।
कोनो ढोंगी कोनो बुटरी । चकरेट्ठी दीखे जस पुतरी ।।
ऐन जवानी उठती सब के । पन्द्रा सोला बीस बरस के ।।
काजर आंजे अंलगा डारे । मूड कोराये पाटी पारे ।।
पांव रचाये बीरा खाये । तरूवा में टिकली चटकाये ।।
बड़का टेडगा खोपा पारे । गोंदा खोंचे गजरा डारे ।।
नगता लाली माग लगाये । बेनी में फुदरी लटकाये ।।
टीका बेंदी अलखन पारे । रेंगे छाती कुला निकारे ।
कोनो हैं झबा गथदावे । कोनो जुच्छा बिना कोराये ।।

शब्दार्थ :– जेतका = जितना। जेवना = भोजन। जोरिन = रखना। टुकना = बांस की बनी टोकरी। दौंरी = धान की फसल पेराई का पारंपरिक साधन या तरीका। ढोंगी = झूठ बोलने वाली। बुटरी = कम कद वाली। बीर

= पान। तरूवा = माथा। खोपा = जुड़ा। नगता = ताजा। झाबा = घना। जुच्छा = खाली। चुन्दी = सिर का बाल। ठलहा = खाली/बेकाम।

भावार्थ :– दूध, दही, मक्खन अलग–अलग पात्रों में भरकर, बड़ी टोकरी में रख कर अपने–अपने घर से ग्वालिन निकल गयी हैं। सभी हमउम्र हैं, जैसे दौरी में बंधने वाले बैल हमउम्र होते हैं। ये सभी ग्वालिन कोई ढोंगी, तो कोई छोटे कद वाली, तो कोई चौड़ी कमर वाली, पुतली के समान दिखाई दे रही हैं। सभी पन्द्रह, सोलह अथवा बीस बरस की हैं, अर्थात् सभी युवावस्था की दहलीज पर हैं। आँखों में काजल लगाकर, साड़ी का अलगा डालकर, बालों को संवारकर, जूड़ा बांधकर, पाँव को महुर रंग से सजाकर, मुँह में पान दबाकर, माथे पर टिकली लगाकर, बड़ा–बड़ा जूड़ा बनाकर और उसमें गैंदा का फूल और गजरा लगाकर सभी सखियाँ सजी हुई हैं। मांग में ताजा सिंदूर और बेणी में फूंदरा लगायी हुई हैं। टीका, बिंदी, अलका लगाकर अपनी छाती और कुल्हा को उभारते हुए चल रही हैं। कोई झब्बायुक्त, तो कोई बिना बाल संवारे ग्वालिन मदमस्त होकर चल रही हैं।

भुतही मन अस रेंगत जावैं । उड़ उड़ चुन्दी मुँह में आवैं ।।
पहिरैं रंग रंग के गहना । ठलहा कोनो अँग रहे ना ।।
कोनो पैरी चूरा जोड़ा । कोनो गंठिया कोनो तोड़ा ।।
कोनो ला घुंघरू बस भावैं । छुमछुम छुमछुम बाजत जावैं ।
खनर खनर चूरी सब बाजै । खुल के ककनी हाथ बिराजै ।।
पहिरे बहुंटा और पछेला । जेंखर रहिस सौख है जेला ।।
विल्लोरी चूरी हलबाही । रत्तन पिंउरी और टिकलाही ।।
कोनो छुच्छा लाख बँधाये । पिंउरा पटली ला झमकाये ।।
पहिरे हे हरियर धुमाही । कोनो छुटुवा कोनो पटाही ।।

शब्दार्थ :– खनर–खनर = खन–खन। पिंउरा = पीला। टिकलाही = टिकली। ओरमत = झूलना। रेंगत = चलना।

भावार्थ :– सभी ग्वालिन प्रेमरंग में मदमस्त होकर भूतनी की तरह चल रही हैं। चलते वक्त सिर के बाल उड़–उड़ कर मुँह में आ रहे हैं। सभी प्रत्येक अंग में आभूषण पहने हुए हैं, कोई अंग खाली नहीं है। कोई पैरी तो किसी ने गठिया पहन रखा है; किसी को घुंघरू बहुत भा रही है। छमछम–छमछम की आवाज करते हुए सभी ग्वालिन राधा के साथ चली जा

रही हैं। उनके हाथों में चूड़ियों की खन–खन की आवाज हो रही है। जिसको जैसा शौक है, वैसा आभूषण और वेशभूषा सभी ग्वालिनों ने धारण की हैं। कोई बिल्लौरी चूड़ी, तो कोई रतनपुरी पीले रंग की बिंदिया लगायी हुई हैं। कोई हरे रंग की, तो कोई पीले रंग की साड़ी पहनी हुई हैं।

करधन कंवर पहिर, रेंगत हाथी चाल ।
जेमा ओरमत जात है, मोती–हीरा–लाल ।।
चाँदी के सूता झमकाये । गोदना ठांव ठांव गोदवाये ।।
दुलरी तिलरी कटवा मोहैं । औ कदमाहीं सुर्रा सोहैं ।।
पुतरी अउर जुगजुगी माला । रूपस मुंगिया पोत विशाला ।।
हीरा लाल जड़ाये मुंदरी । सब झन चक चक पहिरे अंगरी ।।
पहिरे परछहा देवराही । छिनी अंगुरिया अउ अंगुठाही ।।
खोटिला टिकली ढार बिराजैं । खिनवा लुरको कानन राजैं ।।
तेखर खाले झुमका झूलै । देखत डउकन के दिल भूलै ।।
नाकन में सुन्दर नथ हालै । नहिं कोउ अंउठ तोला के खालै ।।
कोनो तिरिया पांव रचाये । लाल महाउर कोनो देवाये ।।

शब्दार्थ :– सूता = बाजूबंध। जुगजुगी = चमकदार। कानन = कान। मुंदरी = अंगूठी। अंगरी = अंगुली। दंग–दंग = बिना कपड़ा पहने। रांडी = विधवा। गोड़ = पैर। तिरिया = किनारे।

भावार्थ :– चांदी की बाजूबंध, गोदना गूदवाकर, चमकदार मूंग आदि की मालायें, सभी उंगलियों में हीरा, मोती आदि की अंगूठी सभी सखियाँ पहनी हुई हैं, अंगूठा और सबसे छोटी उंगली भी खाली नहीं है। माथे पर लाल, काले रंग की टिकली तो बानो में खिनवा पहनी हुई हैं। उसके नीचे झुमका लटक रहा है। इनके सौन्दर्य को देखकर पुरूषों का भी हृदय तरंगित हो रहा है। नाक में नथ हिल रही है। कोई भी अंग आभूषण से खाली नहीं है। किसी ने पाँव रंगें हैं, तो कोई लाल रंग से भी अपने पाँव को सजाया है।

चुटकी चुटका गोड़ सुहावै । चुटचुट चुटचुट बाजत जावै ।।
कोनो अनदट बिछिया दोनों । दंग दंग ले छुच्छा हैं कोनो ।।
राँड़ी समझै पांव निहारैं । ऊपर एंहवांती मुंह मारैं ।।

कोनो माथी सेंदुर लगाये । कोनो मेंहदी रचा हरसाये ।
एक एक ले सुघर हावय हैं । गिजगिज गिजगिज करत जात हैं ।
एक चीरा ही सी काढ़ि जाये । अउ आगू ला काजल बनाये ।।
पहिरे लुगरा लाली पिंवरा । देखत म मोहत हैं जियरा ।।
कोनो पोलका बारि अंचरा । पीयरी चुनरी ओढ़ उजराहा ।।
गुंड़ा ठिक के सोरा हर्वी । पहिरे पैजन हैं एक जर्बी ।।

शब्दार्थ = गिजगिज = दांत दिखाना (हंसी ठिठौली)। बारि = बाड़ी। गुंड़ा ठिक-ठिक = एक के ऊपर एक। हर्वी = साथ।

भावार्थ = रंग-बिरंगी सजे हुए पीरी के साथ कोई बिछिया पहनी हुए, तो कोई बिना सजे-संवरे ही चली जा रही है। पीरी को देखकर किसका की पहचान हो रही है। सभी में प्रेम के प्रति उमंग है। एक सी हो तो कहूं। यहाँ तो सभी ग्वालिनों का साथ अटूट है। वे कई किस्म की साड़ी जैसी लाल, पीला आदि पहनी हुई हैं। उनको देखते ही मन मोहित हो जाता है। कोई पोलका तो कोई पीली/नीली चुनरी ओढ़े हुई है। एक सिरे से दूसरे सिरे तक सभी एक के बाद एक साथ चल रही हैं।

हरलबिन पाटा तिरछी मोरे । कोनो कांध अंचरा हैं जोरे ।।
कोनो कोनो डोरी खांध ला । कोनो लिये जोतनी कोरा ।।
लड़िया सूरज के रुप पारै । चकमक चकमक चमकत जावै ।।
औ पहिरे रेशमाही चोली । करत जात हैं ठोली बोली ।।
छितराई सरसों भरे जवानी । होत जात है गिद भरवानी ।।
कोनो के लुगरा खिंच लेवै । गुदगुदाय कोनो ला देवै ।।
नथ उतार के पाछू झूकै । औ फेर कोनो पिच्छा ले थूकै ।।
कोनो हाँसे कोनो हँसावै । टेढ़गा देखै मुंह बिचकावै ।।

शब्दार्थ — डोरी = बीगा। जोतनी = मांहि। पाछू = पीछे।

भावार्थ — मथुरा जाती हुई ग्वालिनों का वर्णन करते हुए कवि कहते हैं कि कोई हरलबिन पाटा मारकर तो कोई डोरी, बीरी कांधों में आँचल डालकर चल रही है। शरीर पर लटकते हुए आभूषणों पर सूरज की किरणें पड़ने पर चमक रहे हैं। कोई रेशमी चोली पहनी हुई है तो कोई आपस में हँसी-ठिठौली करती हुई एक-दूसरे को चिमट रही है। सभी ग्वालिन

अपनी-अपनी मुस्कराहट से मन में [illegible] एक-दूसरे को [illegible] रही है। कोई किसी की साड़ी को पीछे से खींच रही है तो कोई [illegible] पीछे झुकी हुई है। कोई [illegible] का मुख का [illegible] रही है। इस तरह कोई एक-दूसरे को हँसाते हुए, तो कोई टेढ़ी-मेढ़ी [illegible] से मुंह बिचकाते हुए आगे चली जा रही है।

दिहारी दिहारी [illegible] के [illegible] |
[illegible] मिले के खुशी में [illegible] है [illegible] ।।
[illegible] |
[illegible] ।।
[illegible] ।।
बन [illegible] बीर कहूं जो होई । [illegible] ।।
[illegible] बीर कहूं जो होई । [illegible] ।।
[illegible] । [illegible] ।।
कोनो [illegible] । [illegible] ।।
आगू [illegible] । [illegible] ।।
कोनो [illegible] । [illegible] ।।
[illegible] । [illegible] ।।
[illegible] । [illegible] ।।

शब्दार्थ — दिहारी = [illegible]। [illegible] = फुसफुसाना (धीमी आवाज में बातचीत करना)। [illegible] = मुख-[illegible]। [illegible] = आमने-सामने। [illegible] = [illegible]। [illegible] = धकेलना। [illegible] = [illegible]। [illegible] = इस प्रकार। [illegible] = पाना।

भावार्थ — राधा सहित सभी ग्वालिनों का शरीर [illegible] का है जिनका रूप सबको घायल कर देने वाला है। श्याम मिलन की खुशी में सभी एक दूसरे से बात करते हुए जा रही हैं। [illegible] में [illegible] सभी ग्वालिन बस्ती से बाहर आ रही हैं। जाते हुए उनकी खुली हुई [illegible] के समान दिखाई दे रही है। [illegible] सभी ग्वालिन [illegible] करते हुए जा रही हैं और वे एक दूसरे से बात करते हुए कह रही हैं कि यदि कहीं भी कृष्ण से भेंट हो जाएगी तो [illegible]। [illegible] सखी-साथियों के साथ छिपकर या आड़ लेकर [illegible] और दही को लूट लेना।

कोई कहती है कि उसे अर्थात श्री कृष्ण को पकड़ कर, उसके लाल गाल में गुलेचा (तमाचा) मार कर आगे रखकर सीधे यशोदा के पास ले जायेंगे। राधा कहती है कि तुम लोग कुछ भी करो, लेकिन मैं यदि उसके पास पहुँचती, तो दौड़कर उसके पाँव में गिर जाती। उसे देख–देखकर अपनी आँखों की प्यास बुझाती। एक क्षण के लिए भी उससे अलग नहीं होती, कुछ भी अन्य कार्य न करते हुए बस एक टक (नजर) उसे ही निहारते रहती।

माखन गोरस दही खवातेंव । किरिया ! तोर कहूं जो पातेंव ।।
ऐसन ऐसन करत विचारा । बिन्दावन में पहुँचिन झारा ।।
ओ कोती कान्हा हैं ठाढ़े । लइका मन लाल लिये अगाड़े ।।
माथे मौर लहरिया पागा । खौर चन्दन करे संवागा ।।
पहिरे हैं मजुराही साजू । ओरमे हवै फूंदना बाजू ।।
खुल के पीताम्बरी सुहावै । लौठी देखत लोग मोहावै ।।
भदई अउर पैजनी सोहै । कहै सुन्दरइ ऐसन को है ।।
मोहन देख परत है ऐसे । खासा चेलिक डौका जैसे ।।
मुसकी डारत झारत रजकन । बोले लगिन श्याम संगी सन ।।
एक मनसुभा है रे भाई । आज चलो दहि दूध नगाई ।।

शब्दार्थ :– मौर = मोर। भदई = चप्पल/खड़ाउ।

भावार्थ :– मन में कृष्ण को मक्खन, दूध, दही खिलाने का विचार करती हुई सभी ग्वालिन वृन्दावन पहुँची। दूसरी ओर कान्हा ग्वालों की आड़ लिये खड़े हुए हैं।

माथे पर मोर पंख लगा हुआ पागा, गले में चंदन की माला पहने हुए हैं। बाँह में बाजूबंध बंधा हुआ है। पीला वस्त्र उसकी शोभा को बढ़ा रहा है। उसकी लाठी को देख लोग मोहित हो जाते हैं। उनके पैरों में सुन्दर खड़ाउ और पैजनियाँ शोभायमान है। जैसे मोहन अपने साथियों ग्वाल–बालों का नायक हो। मुस्कुराते हुए श्याम अपने साथियों से अपने मन की बात बताते हुए कहते हैं कि चलो आज दूध, दही लुटेंगे ।

मन तुम्हार जो आतिस, खातेन लेवना लूट ।
लेतेन यार जगात सब, गैताइन के जूट ।।
सुनत कान लूटब दहि दूदे । हो हो करके लइका कूदे ।।

टीका बनि है हरि सग जाबो । चलौ अरे ! दहि माखन खाबो ।।
ऐसन कहि कहि कूदे नाचे । एक बतावै एके टाँचै ।।
कहे श्याम तब सुनी रे भाई । सब झन चढ़ी रूख में जाई ।।
तुमला जब मै करौ इशारा । कूद कूद आही तब झारा ।।
एसो हैंस के कृष्ण कहिन जब । ठेते बोते सखा चढ़िन सब ।।
आगू ठाढ़ भइन हरि जाके । लौठी लिये हाथ परसा के ।।
ओती ले आइन गैताइन । श्याम देख डगडग ले पाइन ।।
झर फर सबो कछोरा छोरिन । ढाँकिन मूड़ बाँह ला तोपिन ।।
ठोठक गइन सब हरि ला देखे । कोचकन लगिन एक ला एके ।।
रेंगे बर आगू मैं होके । परिस हियाव नहीं कोनो के ।।
ले दे के सब चलिन अगारी । सबले चतुरी राधा प्यारी ।।
दू पग चले ठोठक फिर जावै । मन मैं मया उपर डर खावै ।।

शब्दार्थ :– रूख = पेड़। चढ़िन = चढ़ना। परसा = पलाश। गैताइन = ग्वालिन। डगडग = आख भर देखना। छोरिन = छोड़ना। ठोठक = रूक जाना। रेंगे = चलना।

भावार्थ :– श्री कृष्ण अपने सखा ग्वाल–बालों से कहते हैं कि अगर आप सभी लोगों की ईच्छा हो, तो आज ग्वालिनों से उनका दूध, दही, मक्खन लूट कर खा लेते। जब ग्वाल सखा ऐसा सुनते हैं, तब सभी खुशी से नाचने लगते हैं एवं एक–दूसरे को इशारों में ही योजना पर अपनी हामी भरने लगते हैं। तब श्री कृष्ण कहते हैं कि हे ! भाइयों, सभी एक–एक करके पेड़ पर चढ़ जाओ और जब मैं इशारा करूँ, तब नीचे आना। श्री कृष्ण के ऐसे वचनों को सुनकर सभी सखा पेड़ पर चढ़ गये। आगे श्री कृष्ण पलाश की छोटी टहनी लिए खड़े हो गये। दूसरी ओर से ग्वालिनें आईं और श्याम को अचानक सामने पाकर, सभी ग्वालिन जल्दी–जल्दी अपनी साड़ी की कछोरा छोड़ने लगीं, सिर और बाँह को ढकने लगीं। इस प्रकार जब श्री कृष्ण को सामने देखते हैं, तब अचानक वे रूक जाती हैं एवं एक–दूसरे को इशारों–ही–ईशारों में इसकी सूचना देते हैं। आगे बढ़ने की हिम्मत किसी भी ग्वालिन में नहीं है। तब सबसे चतुर राधा रानी सबकी आड़ लेकर दो कदम चलती है, फिर रूक जाती है। उसके हृदय में श्री कृष्ण के प्रति प्रेम उमड़ रहा है। लेकिन मन ही मन डर भी सताने लगा है।

साम्हू में सूंटी लिये, ठाढ़ भइन हरि आय ।
आगू मोर जगात दे, पाछू पाहौ जाय ।।
रोज रोज चोरी कर जावौ । मोला नहीं जगात पटावौ ।।
ठौका आज पकर मैं पायेंव । जातेव भाग तँसने आयेंव ।।
तुमला आज जान तब देहौं । जब सब दिन के सेती लेहौं ।।
मैं कँसन लइका हौं तेला । जानत हौ लइकापन के ला ।।
रकसा रकसिन खेलत मारेंव । नाथेंव बिखहर सांप निकारेंव ।।
गोबर्धन पहाड़ उपकायेंव । छिनिया अँगरी बीच उठायेंव ।।
ऐसन में लैकई दिखावौ । जानत हौ का गुन गोठियावौ ।।
मोला माखन चोर बताथौ । का गुण आपन ऐद लुकाथौ ।।
सुरता है तुम्हला वो दिन के । लुगरा ला लेके सब झिन के ।।
बांधेंव मैं कदम्ब के डारी । कैसन मजा उसि तब भारी ।।
नंगरी नंगरी उपर आयेव । तौन दिना के याद भुलायेव ।।
नाक रगर के कुनरा बजायव । तब सब आपन लुगरा पायेव ।।

शब्दार्थ :– रोज–रोज = प्रतिदिन। पटावौ = वश में करना। सेती = कारण। रकसा–रकसी = राक्षस–राक्षसी। उपकायेंव = जमीन से अलग करना, उखाड़ना। नंगरी =नग्न (निर्वस्त्र)। रगर = रगड़ना।

भावार्थ :– कवि के अनुसार, कान्हा राधा एवं गोपियों को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि तुम्हें आज मैं तभी जाने दूंगा, जब सब दिन के बराबर माखन, दूध, दही ले लूँगा। मैं कैसा लड़का हूँ, उसको तुम सभी बचपन से जानते हो। बड़े–बड़े राक्षस–राक्षसी को मैंने खेल–खेल में मारा है। कालिया नाग को भी मैंने ही नाथ अर्थात् वश में किया है। गोवर्धन पर्वत को अपने हाथ की छोटी अंगूली में उठा लिया था। ऐसी लीला मैं दिखा चुका हूँ। आप लोग क्या बात करते हो। मुझे माखन चोर बताते हो और अपना स्वभाव छिपा रहे हो। स्मरण है उस दिन का, जब मैं सब की साड़ी लेकर ऊपर कदम्ब के पेड़ पर चढ़ गया था। तब एक–एक करके सभी निर्वस्त्र होकर उपर आयी थीं, उस दिन को कैसे भूल गये हो। नाक रगड़–रगड़ कर विनती किये, तब सभी अपनी साड़ी पाये थे।

सुनके ऐसन बात ला, सब झन रहिन लजाय ।
आपुस में लागिन कह, कैसे कथैं कन्हाय ।।
एक कोंचक के एक बतावैं । सब सुचमुच सुचमुच मुसकावैं ।।
देखे गोई ! कहव कन्हाई । निच्चट निल्लज होगे दाई ।।
बोलत वोला लाज नइ लागै । अभी ले कैसे कलऊ खरागे ।।
कहाँ के कहाँ जोर चटकाथै । फोकट हमला लाज मराथै ।।
काखर काखर मुंहला धरिहै । जौने सुनिहै हांसी करिहै ।।
चार झनाके बीच बताथै । मूंड हमार नीच करवाथै ।।
ऐसन दूसर जघा बता है । ठट्ठा भला कौन पतियाहै ।।
ले तो भला बता दे कोई । हरि ला ऐसन चाहिय गोई ।।
ऐसे सुनत श्याम मुसकाये । भऊ नचावत आगू आये ।।
सेर बांध चतुरो खोजब आयेंव । नहीं तुम्हार बरोबर पायेंव ।।
चलिहै नहि मोर मेर चलाकी । अभी सउँरिहौ दाई काकी ।।
मानो सोक्ष जगात मड़ा दौ । लेखा करके सबो चुका दौ ।।

शब्दार्थ :– निल्लज = बेशर्म। निच्चट = बिलकुल। फोकट = फालतू। काखर = किसका। ठट्ठा = हंसी मजाक।

भावार्थ :– श्री कृष्ण की ऐसी बातें सुनकर सभी ग्वालिन लजा गयीं और आपस में एक–दूसरे से कहने लगीं कि देखो तो कन्हैया कैसी बातें कर रहा है ? सभी ग्वालिन एक–एक कर मुस्कुरा कर एक–दूसरे को बताने लगी। देखो सखियों ! कन्हैया कितना निर्लज्ज हो गया है ? उसे ऐसे बोलते लाज नहीं आ रही है, अभी से जैसे कलि (कलियुग) का कुप्रताप बढ़ गया हो। कहाँ की बात को कहाँ ले जाकर, हमारा अपमान कर रहा है। हम किसके–किसके मुँह को बन्द करेंगे। जो भी सुनेगा, वह हमारी हँसी उड़ायेगा। ऐसी बात अगर आप किसी को बतायेंगे तो भला कौन मानेगा ? कौन तुम्हें चाहेगा ? ऐसा सुनकर श्याम मुस्कुराते हुए अपनी भौं नचाते हुए आगे आये। मजदूरी देकर भी मेरे जैसे चतुर खोजवाओगे तो नहीं पाओगे। अब सभी को अपनी माँ–काकी याद आ रही है। मेरी बात मानो, सब दिन का हिसाब करके एक जगह सभी दूध, दही, मक्खन रख दीजिए।

एकंक सबो हिसाब के, कर देव मोर चुकाव ।
मझन होत जात है, सोझ हँसत घर जाव ।।
नहिं तो फटफट में पर जाहौ । फोकट इज्जत अपन गंवाहौ ।।
देखत अभी नगा मैं लंहौं । औ फेर सबो हाल कर देहौं ।।
आखिर फेर हाथ का आहै । बात तुम्हार कोन रहि जाहै ।।
रोज बिहनियां मथुरा जाथौ । रात भये ले गोकुल आथौं ।।
भल मानुख के बेटी होकै । काम करत हौ चोरपने के ।।
रौताइन सब सुनत रिसाइन । कब ले श्याम साव बन आइन ।।
चोरी करत उमर सब मेले । भयेव बड़े मोहन छोटे ले ।।
तउन आज ऐसन बोलत हौ । चोट्टी कहि हम ला ठोलत हौ ।।
चोर तुम्हारे ऐल्हे पेल्हे । अउ तुम चोर चोर के चेले ।।
काल चोराय जो माखन खाये । आजेच मोहन गयेव भुलाये ।
मूसर में जब बांधिस लाके । तब हम सबो छोड़ायेन जाके ।।
काले रोयेव अभी भुलायेव । आजेच भोगचंद बन आयेव ।।

शब्दार्थ :– मझन = दोपहर। सोझ = सीधा। बिहनिया = प्रातः काल। भये = होने पर। रिसाना = गुस्सा होना। मानुख = मनुष्य। चोट्टी = चोरी करने वाली। ऐल्हे–पेल्हे = आस–पास। मूसर = ओखली। भोगचंद = खानेवाला।

भावार्थ :– श्री कृष्ण गोपियों से कहते हैं कि एक–एक करके सभी लोग मेरा हिसाब पूरा कर दो, दोपहर होने वाला है और सीधे हँसते हुए वापस घर चले जाओ। नहीं तो परेशानी में पड़ जाओगे और फालतू में अपनी इज्जत भी गंवा बैठोगे। नहीं तो; देखना, हम अभी, सभी का दूध, दही, मक्खन को लुट लेंगे, सभी का हाल बेहाल कर देंगे। न जाने और किस दिन हाथ आओगी। रोज सुबह मथुरा जाते हो, रात होने तक गोकुल आते हो, सभ्य घर की बेटी होकर; ऐसा चोरी का काम करते हो। कृष्ण की इस प्रकार की बातें सुनकर सभी ग्वालिन उनसे रूठकर कहने लगी कि सारी उम्र चोरी करने वाला मोहन आज बड़ा हो गया, जो आज हमें चोर कह रहा है। चोर तो तुम्हारे चारों ओर, तुम्हारे संगी–साथी हैं; कल का माखन चोर मोहन आज सब भूल गया। ओखली में जब माता यशोदा ने तुम्हें बांधा था, तब हम

सभी ने जाकर छुड़वाया था। कल का रोना आज भूल गया, आज बड़ा भोगचंद बन गया है।

कंसराय के राज में, करौं न ऐसन काम ।
घूसड़ अभी जाहै सबो, बनेव जगाती श्याम ।।
चहे भलुक मांग के खावौ । आवौ ! बइठौ ! दौना लावौ ।।
नम जगात बूंद नइ पाहौं । आखिर चुचवावत रहि जाहौं ।।
ऐसे सुनत श्याम मुसकाइन । थोरिक आंखी मार बताइन ।।
चिटिक मुलाजा नइ छू जाथै । मुह में कथौ जैसेन आथै ।।
हँड़िया के मुंह में परई दे । मनखे के मुंह में का सा दै ।।
मात गये हौ सब मोटियारी । नहि खियाल मस्ती में भारी ।।
आँय बाय मनमुखी वकत हौं । भूत धरें अस बात करत हौं ।।
फोकट कौन जीभ पिरवावै । माछी मारै हाथ बसावै ।।
जे मुंह आहै तउन बताहौं । दान दिये बिन जान न पाहौं ।।
आव सबै डूमर कस किरवा । का जानौं तुम दूसर बिरवा ।।
एक कंस ला तुम सुन पायेव । आपन भर आँखांद बतायेव ।।
टेटका के पहुँचान कहाँ ले ? भांड़ी बारी तीर जहाँ ले ।।

शब्दार्थ :– चुचवाना = ठगा सा रह जाना। मुलाजा = उपाय। हँड़िया = हाँड़ी/ मटका। मोटियारी = युवती। माछी = मक्खी।

भावार्थ :– गोपियाँ, श्री कृष्ण पर अपना रौब दिखाते हुए कहती हैं कि राजा कंस के राज्य में ऐसा काम न करें, नहीं तो सब वैसा–का–वैसा ही रह जाएगा। इसलिए हम जैसा कह रहे हैं, वैसा करो; यहाँ दोना लेकर बैठ जाओ और मांग कर दूध, दही, मक्खन खाओ; नहीं तो बूंद भर भी कुछ नहीं मिलेगा, आखिर में पछताते रह जाओगे। ऐसा सुनकर श्री कृष्ण मुस्कुराते हुए थोड़ा आँख मारकर बताने लगे। कोई मुलाजा या उपाय नहीं चलेगा। हाँड़ी के मुँह को पराई से ढक दिया जाता है, लेकिन मनुष्य के मुँह को किससे बंद करोगे। सभी ग्वालिन मदमस्त हो गये हो। कुछ भी बोले जा रहे हो; मानो किसी भूत–प्रेत ने तुम्हें पकड़ लिया हो। बिना मतलब के कौन अपना मुँह तुम लोगों से बजवाये। मक्खी मार कर मैं अपना हाथ गंदा नहीं करना चाहता, बिना दक्षिणा दिये मैं तुम लोगों को जाने नहीं दूँगा। तुम सभी

अभी गुलर (डुमर) के समान कोमल हो, तुम्हें क्या मालूम कि दूसरा पान/बिरवा कैसे होता है। केवल एक कंस को सुनकर तुम लोग अपनी औकात मुझे बता रहे हो, आखिर गिरगिट की पहुँच कहाँ तक है ? खलिहान, बारी के किनारे तक ही रहती है।

पिरथी सरग पताल औ, चन्दा सुरूज लगाय ।
तीन लोक चौदा भुवन, राज हमारेच आय ।।
इहां कंस ला कउन डेरावै । ऐसन कंस हजारों आवैं ।।
चूंदी धरके अभी पछारौं । चोंगी पीयत भरे में मारौं ।।
तेखर डर मोला डरूवाथौं । मोला लइका जान बताथौं ।।
तीर खींच के कहौं चेता के । मोला किरिया नंद बबा के ।।
चाहे मूड़ पटक मर जावो । कतको चाहौं हड्ड बड़ावौ ।।
जबले नहीं जगात मड़ाहौ । कैसनो करौं जान नइ पाहौ ।।
ऐसन सुनत सबो रौताइन । मुंह बिचकाइन और रिसाइन ।।
बिच झाड़ी में सुन्ना पाके । डेरूवावत हौ हमला आके ।।
लोखन केर उघैया आये । छेंकत बेटी पतो पराये ।।
अभी जाय घर अपन बताथन । लिगरी दू के चार लगाथन ।।
तौ फेर श्याम हाल का हो है । हाँसी खेल बात ये नोहै ।।
जाथों वन्घवा मेर बताथौं । भुंसड़ा तोर अभी खेदवाथौं ।।

शब्दार्थ :– सरग = स्वर्ग। सुरूज = सूरज। चोंगी = चोंगा। सुन्ना = सुनसान। बन्धवा = पति। भूसड़ा = मस्ती।

भावार्थ :– श्रीकृष्ण, राधा व गोपियों को कहते हैं कि तीनों लोकों – पृथ्वी, स्वर्ग, पाताल; चंदा और सूरज तथा चौदह भुवनों में मेरा राज है, जो ऐसे कंस से कैसे डर सकता है। जिसका डर मुझे बतला रहे हो, ऐसे हजारों कंस को मैंने आसानी से मार दिया है। मुझे छोटा बच्चा समझ रहे हो। मैं तुम सभी को चेतावनी देता हूँ, नंद बाबा की कसम खाकर कहता हूँ कि चाहे तुम सभी अपना सिर पटक–पकट कर मर जाओ, परन्तु मैं तुम्हें जाने नहीं दूँगा। कृष्ण की इस प्रकार की बातें सुनकर सब ग्वालिन मुँह फेरकर गुस्सा हो गईं और कहने लगीं कि बीच झाड़ी में अकेले पाकर हमें डरा रहे हो। दूसरों की बहू–बेटी को इस तरह आगे आकर परेशान कर रहे हो। अभी

घर जाकर अपने पिता, पति से तुम्हारी शिकायत करेंगे और तुम्हारी बात बढ़ा–चढ़ा कर कहेंगे; फिर तुम्हारा क्या हाल होगा, देख लेना। ये हँसी–ठिठोली का खेल नहीं है।

दूरी दूरी जान के, मोहन करत अबेर ।
घुंचौ चलौ अब जान दौ, ढरकन लागिस बेर ।।
लहत बिहत के रहब भला अय । बहूतों के तपबो हर का अय ।।
गाँव गाँव में रथैं गौंटिया । कोनो ऐसन करथैं घीया ।।
जात पाँत में सबो बराबर । नै अय गोई घाट कोनो हर ।।
दू कोरी गेरूवा के मारे । आंखी भइस बेलन्द तुम्हारे ।।
छो छो करके गाय चरावै । राजा कहत लाज नइ आवै ।।
कमरा औ खुमरी ओढ़े बर । बड़े बड़े सांहुत जौरै बर ।।
ढोंग बघारे बर हो जेला । कहै जौन नइ जानै तेला ।।
तुमला कौन बतावैं लाला । जानत हवन तीन पुरखा ला ।।
तुम तो आव नन्द के बेटा । जनमे हवौ जसोदा पेटा ।।
गड़े हवैं गोकुल में नेरवा । घर में है दू कोरी गेरूवा ।।
चोरी कर कर लेवना खायेव । कहूँ बंधायेव कहूँ पिटायेव ।।
नइ चोरी में पेट भरिस जब । श्याम पेंडारा परे लगेव तब ।।
जब तुम दिन भर गाय चराथौ । तब घर में खाये बर पाथौ ।।
सुरता तउन भुला गय मुहना । कहाँ गँवायेन नोई दुहना ।।
पँडरा नन्द जसोदा पँडरी । तुम कैसे हो करलुदुवा हरि ।।

शब्दार्थ :– गेरूवा = जानवर बांधने की रस्सी। सांहुत = शौक। करलठवा = काला (श्यामवर्ण)।

भावार्थ :– लड़की–ही–लड़की जानकर तुम हमसे मुँहजोरी कर रहे हो, हमारे रास्ते से हट जाओ; अब सूरज भी ढलने को हो चला है। अब बहुत हो गया, हर गाँव में गौंटिया रहते हैं, पर क्या कोई ऐसा करता है। जात–पात में सभी बराबर होते हैं। लेकिन क्या कोई इस तरह दूसरे के घाट में आता है ? केवल चालीस गायों को लेकर चराने जाते हो और अपने आप को राजा कहते हो, तुम्हें लाज नहीं आती। कमरा, खुमरी ओढ़कर बड़ा–बड़ा शौक पाल के रखे हो। पाखण्ड करना और झूठ बोलना जिसका काम है, उसे क्या हम

नहीं जानते। तुमको क्या बतायें, तुम्हारी तीन पीढियों को जानते हैं। तुम नंद के बेटा हो, क्या यशोदा के पेट से जन्म लिए हो ? क्या गोकुल में तुम्हारा नेरवा गड़ा हुआ है ? घर में इतनी गायें है, तो फिर चोरी करके मक्खन कौन खाता है ? कभी बांधे जाते हो, तो कभी पिटे जाते हो। चोरी से पेट नहीं भरा, तब यह प्रपंच रचे हो। दिन भर गाय चराते हो, तब घर में तुम्हें खाने को मिलता है। दूध दुहने का पात्र और रस्सी कहाँ है ? यशोदा और राजा नंद तो गौरवर्ण के हैं, फिर तुम कैसे काले रंग (श्याम वर्ण) के हो ?

परिस दुकाल गुपाल जब, हमर राज में आय ।।
दुइ काठ कोदो बदल, तुमला लइन बिसाय ।।
जो राजा भला बतातौं । हाथी कहौ कहाँ ले पातौं ।।
छाता मौर कहां तुम डारे । नौकर चाकर कहां तुम्हारे ।।
गदी बइठौं चंचल डुलावौ । तौ फेर का गुन गाय चरावौ ।।
देखे गोई आखिर अहिरे । राजा होके भदई पहिरे ।।
हीरा मोती लाल कहां गय । गोंगची पहिरे लाज नहिं लागय ।।
पीक मजूर लगाये पागा । लाज चिटिक नइ लागै कागा ।।
फेंकी खुमरी ढंट्ठा बाँधौ । कमरा चीर अंगरखा साधौ ।।
कहिबे संझहा नन्द गौटिया । देहै एक झिन लगा पहटिया ।।
फबित नहीं आवै थोरको के । ठेंगा पकरे राजा होके ।।
बिन मनखे तनखे बिन बाजा । नेवाई के देखेन राजा ।।
ऐसन सुनत श्याम मुसुकाइन । निधड़क निचट अगाड़ी आइन ।।
सूबा मान पोष चारिक ठन । रौताइन राखैं घर दूझन ।।

शब्दार्थ :– दुकाल = अकाल। राज = राज्य। गोंगची = गोमती (एक प्रकार का बीज)। खुमरी = बाँस से बना सर ढकने का साधन। पहटिया = ग्वाला। निधड़क = बेधड़क। निचट = बिलकुल। काठा = तामी (2 किलोग्राम अन्न भरने का लकड़ी अथवा टिन का पात्र)। सूबा = जिला या क्षेत्र।

भावार्थ :– राधा और गोपियाँ, श्री कृष्ण को कहती हैं कि जब अकाल पड़ा, तब हमारे राज्य में आये। दो काठा अनाज के बदले, राजा नंद ने तुम्हें खरीदा है। यदि अपने आप को राजा बताते हो; तो हाथी, पालकी,

छाता, मौर कहाँ हैं, तुम्हारे नौकर–चाकर कहाँ है ? गद्दी में बैठकर चँवर डुलाने वाले सेवक कहाँ है ? एक राजा में गाय चराने का गुण कहाँ से आया? राजा होकर भदई की चप्पल पहने हुए हो। हीरे, मोती, जवाहरात कहाँ गये, इसके स्थान पर गोमती माला को धारण क्यों किये हुए हो ? खुमरी, कमरा पहन कर अपने को राजा कहते हो। थोड़ा भी शोभा नहीं देता है। बिना राज–साज के ऐसा राजा हमने कभी नहीं देखा। इन सभी बातों को सुनकर मुस्कुराते हुए श्री कृष्ण आगे आकर कहते हैं कि अपने क्षेत्र के चार लोगों का ऐसे ही हम पालन–पोषण करते हैं और तुम्हारी तरह दो ग्वालिन तो मेरे घर में हमेशा रहती हैं।

कोयली अस बासत हवौ, कहौ न बात विचार ।।
मुहु लग्गी हो गये हव, गोकुल के दूचार ।।
तभे सभे मिलकी मारत हौ । तुम मोला निंदरे डारत हौ ।।
सुनत ओ पूछत हौं तोला । कब जन्मत देखे हस मोला ।।
कहाँ ले नन्द जसोदा आइन । जानथौं इन्हला कौन बनाइन ।।
महीं सिरजथौं महीं चरातौं । महीं जियाथां मही मारथौं ।।
मोर बिना पाता नइ हालै । आखिर तुम ला कहों कहाँ ले ।।
पाप अघात भुंया गरूवाइस । मोर मेर रोवत तब आइस ।।
तब मैं मन में मया मड़ायेंव । मनखे के चोला धर आयेंव ।।
जेमा मनुबा चारि करि हैं । लीला गाहै सुनिहै तरिहै ।।
तेला अड़हा मन का जानौ । टेड़गा–सोझहा अपने तानौं ।।
कमरा के तुम निंदा करथौं । वहीं कमरहा पाले परथौ ।।
का जानौ कमरा के गुना ला । दही ओ ओ कपसा एके तुमला ।।
तीन लोक में खोजवांयेव । कमरा के न बरोबर पायेंव ।।
ग्वालिन सुनत कहन अस लागिन । कोन गोंठ ला कहां निकालिन ।।

शब्दार्थ :– कोयली = कोयल। निंदरे = आँखों में समा लेना। जियाथौं = जीवन देना। मारथौं = मृत्यु। गरूवाइस = बढ़ने पर, वजन होने पर। खोजवायेव = खोजना/ढूढना।

भावार्थ :– श्री कृष्ण पुनः राधा और ग्वालिन लोगों से कहते हैं कि कोयली जैसे आप सभी बोल रही हैं, लेकिन कोई भी बात सोच विचार कर नहीं कर रही हैं। मुँहलग्गी हो कर गोकुल के चारों ओर घुमती रहती हो। आँखों से बातकर मुझे तुम लोग फँसा रहे हो। अर्थात् माया के बन्धन में बाँध रहे हो। मैं तुम लोगों से पूछता हूँ कि कब यशोदा के पेट से मुझे जन्म लेते देखा है ? राजा नँद और माता यशोदा कहाँ से आये ? किसने इनको यहाँ बसाया है ? मैंने ही इन्हें बनाया और बसाया है। मैं ही जन्म देता हूँ और मैं ही मृत्यु। मेरे बगैर पत्ता भी हिल नहीं सकता। आखिर तुम्हें क्या बतलाऊँ। मैं ही सर्व शक्तिमान हूँ। पृथ्वी पर पाप बढ़ने पर सभी लोग रोते हुए मेरे पास आये, तब मैंने माया रची और मनुष्य का रूप धारण करके लीला की रचना की। मेरे इस चरित्र को जो सुनेगा, वह भवसागर पार कर जायेगा अर्थात् मेरी भक्ति से उसका कल्याण हो जायेगा। जिस कमरा की निंदा तुम कर रहे हो, उसके मर्म को क्या जानोगे ? उसी कमरा के धारण करने वाले (कमरिहा) के साथ मुँह लगते हो। तीनों लोकों में कमरा के बराबर कुछ नहीं। ग्वालिन ऐसा सुनकर कहने लगीं कि किस बात को कहाँ निकाल रहे हैं। अर्थात् हम लोग दूसरा बोल रहे थे और आप बात को कहीं और ले गए।

■■

आप किन अर्थों में मुझे 'तुम' कहते हैं; जबकि मेरी शेष जिंदगी आपसे अधिक है, मैं आपसे अधिक ज्ञानार्जन कर सकता हूँ, अधिक कार्य कर सकता हूँ, अधिक सेवा भी कर सकता हूँ।

– डॉ0 रमेश टण्डन फूलबंधिया

16.

दानलीला (सुन्दरलाल शर्मा) की समीक्षा

– मनीष कुमार कुर्रे *

सेमेस्टर – IV, प्रश्नपत्र– IV (लोक साहित्य एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य), इकाई 04

पं0 सुन्दरलाल शर्मा की रचनाओं में 'छत्तीसगढ़ी दानलीला' अधिक ख्याति प्राप्त कृति है। यह एक खण्डकाव्य है। श्री कृष्ण के जीवन के मार्मिक प्रसंगों को लेकर लिखी गई यह रचना, छत्तीसगढ़ की आँचलिक संस्कृति और सभ्यता का प्रमाणिक दस्तावेज है। इस अद्वितीय काव्य की रचना सन् 1905 में की गई थी। सन् 1906 में इसका मुद्रण बाबू रामप्रताप भार्गव द्वारा कलकत्ता के 21 हरिसन रोड स्थित नरसिंह प्रेस में किया गया। इसका द्वितीय प्रकाशन सन् 1915 में और तृतीय प्रकाशन 1924 में हुआ। कवि ने इस काव्य को अपने गुरू पंडित रामप्रकाश मिश्र को समर्पित किया है।

श्री माधवराव सप्रे, जो पं0 सुन्दरलाल शर्मा जी के अच्छे मित्र थे, ने इस काव्य की प्रशंसा करते हुए पत्र लिखा था कि "मुझे विश्वास है कि भगवान कृष्ण की लीला द्वारा मेरे छत्तीसगढ़ी निवासी भाईयों का अवश्य सुधार होगा। मेरी आशा और भी दृढ़ हो जाती है, जब मैं देखता हूँ कि छत्तीसगढ़ निवासी भाइयों में आपकी इस पुस्तक का कैसा लोकोत्तर आदर है।" [1]

जब छत्तीसगढ़ी दानलीला प्रकाशित हुई, तब उस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए 'रायबहादुर हीरालाल' ने लिखा था – "जउने हर अइसन बनाइस हे, तउने हर नाम कमाइस हे।" उनका यह कथन सर्वथा सार्थक है, क्योंकि भविष्य में जब भी छत्तीसगढ़ी भाषा का साहित्य लिखा जायेगा, इस

* जन्मतिथि : 21 मई 1991, पिता : श्री यादव प्रसाद कुर्रे, माता : श्रीमती दानप्रभा कुर्रे, शिक्षा : एम ए (हिन्दी), सेट (राजनीति विज्ञान), बी0 एड0, पीजीडीसीए, सम्प्रति : [illegible] राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़, पता : मेरेगाँव, [illegible], जिला – राजनांदगाँव, छ0ग0, सम्पर्क : 9669226953, [illegible]
ईमेल – [illegible]